# सीएम से पूछताछ को लेकर इडी ऑफिस एवं बीजेपी कार्यालय छावनी में तब्दील

## डीसी, एसएसपी घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का ले रहे थे जायजा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक हाजार करोड़ से अधिक अवैध खनन घोटाला में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को होनेवाली पूछताछ को देखते हुए राजधानी रांची में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी थी। कही कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो इसके लिए राजधानी के सभी प्रमुख चौक-चौराहों के साथ मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, प्रदेश भाजपा कार्यालय एवं ईडी ऑफिस के पास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के सभी संवेदनशील जगहों पर उपायुक्त, एसएसपी और सिटी एसपी पहुंचकर सुरक्षा का जायजा ले रहे थे।

**ईडी कार्यालय के अंदर सीआरपीएफ का पहरा, बाहर झारखंड पुलिस का घेरा :** अवैध खनन के मामले में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से गुरुवार को ईडी कार्यालय में पूछताछ के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ईडी कार्यालय के अंदर सुरक्षा का कमान सीआरपीएफ जवानों ने संभाल रखा था। ईडी कार्यालय के गेट के अंदर किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। सीआरपीएफ के 2 दर्जन जवान ईडी कार्यालय के अंदर सुरक्षा संभाल रहे थे। वही ईडी कार्यालय के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था झारखंड पुलिस, जैप और रैप के जिम्मे था। एक तरह से कहा जाय तो पूरे ईडी कार्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। कार्यालय के दोनों तरफ बेरिकेटिंग कर घेराबंदी कर दी गई थी। सड़क को वनवे कर दिया गया था। चूंकि उसी रास्ते से एयरपोर्ट आना-जाना होता है। इस स्थिति में एक तरफ का रोड आमलोगों के लिए खुला छोड़ दिया गया था। सुरक्षा के लिहाज से हिनू चौक के पास ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। एयरपोर्ट थाना प्रभारी, डोरंडा थाना प्रभारी और जगन्नाथपुर थाना प्रभारी बीच-बीच में इलाके की निगरानी में जुटे थे, हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा पल-पल की जानकारी ले रहे थे।

### राजधानी के कई इलाकों में धारा 144 का आदेश



राजधानी रांची में विभिन्न संगठनों दलों द्वारा धरना प्रदर्शन जुलूस का आयोजन किए जाने की संभावना को देखते हुए कई इलाकों में गुरुवार को धारा 144 लागू कर दिया गया था। राजधानी रांची के एयरपोर्ट रोड हिनू ईडी कार्यालय के आसपास विभिन्न संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जाने के प्रयास को लेकर एसएसपी और उपायुक्त के संयुक्त आदेश से घारा 144 को लागू कर दिया गया था।

**भाजपा मुख्यालय में जिला पुलिस, जैप और एटीएस के जवान थे तैनात :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी कार्यालय में होनेवाली पुछताछ को देखते हुए गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। हेड क्वार्टर डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में 27 जवानों को तैनात किया गया था। इनमें जिला पुलिस और जैप के जवानों के साथ साथ एटीएस की टीम थी। फायर ब्रिगेड भी स्टैंड बाय तैनात किया गया था।

**राजभवन के पास सुरक्षा का था पुख्ता इंतजाम :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी कार्यालय में होनेवाली पूछताछ के मद्देनजर राजधानी के माहौल को देखते हुए विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। जिला प्रशासन को यह अंदेशा था कि मुख्यमंत्री के समर्थन में कई जगहों पर कार्यकर्ता प्रदर्शन कर सकते है। इसी को देखते हुए राजधानी के रांची में राजभवन के पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था ताकि वहां पर किसी भी तरह की कोई चूक ना हो सके।

### ईडी अब तक कई लोगों को किया है गिरफ्तार

ज्ञात हो कि झारखंड के अलग-अलग जिलों में ईडी की टीम पिछले 6 मई से जांच कर रही है। इस जांच के दौरान ईडी ने सबसे पहले पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके बाद आईएस पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था. सीए सुमन सिंह के घर से करीब 20 करोड़ कैश ईडी की टीम ने बरामद किया था। इस जांच के दौरान ईडी की टीम को कई अहम जानकारियां मिली, जिसके बाद ईडी ने अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को गिरफ्तार किया। ईडी की इस जांच में पंकज मिश्रा के घर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित चेक बुक भी बरामद हुई थी। जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही थी कि ईडी जल्द ही समन जारी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर सकती है।



# सीएम आवास के बाहर उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खनन लीज मामले में अपना पक्ष रखने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय में थे। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री आवास में कांग्रेस, झामुमो विधायकों व सांसदों के साथ आवास के बाहर भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। झामुमो की तरफ से इसे जन आक्रोश महारैली नाम दिया गया था। करीब 100 की संख्या में बसों से कार्यकर्ता पहुंचे थे। जबकि छोटी गाड़ियों से भी कार्यकताओं के आने का सिलसिला जारी था। दूसरी ओर सीएम आवास के बाहर ही एक अस्थायी मंच तैयार किया गया था। जिससे गठबंधन दल के नेता कार्यकर्त्ताओं को संबेधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री आवास पहुंचनेवाले नेताओं में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल, दीपिका पांडे सिंह,अंबा प्रसाद के आलावा जेएमएम के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री जगन्नाथ महतो, झामुमो विधायक नलिन सोरेन, लोबिन हेंब्रम, सरफराज अहमद, लोकसभा सांसद विजय हांसदा शामिल हैं। इस दौरान काय्रकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए सभी नेताओं ने कहा कि भाजपा के इशारे पर एक स्थिर सरकार को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। इसमें भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे का बड़ा हाथ है।

**जो हिटलर की चाल चलेगा, वो हिटलर की मौत मरेगा : सुबोध कांत :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस से वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया। उन्होंने कार्यकताओं को याद दिलाया कि कैसे झारखंड आंदोलन में कांग्रेस ने सहयोग किया था। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि हिटलर शाही की तरह केंद्रीय एजेंसियों को दुरुपयोग किया जा रहा है। जो हिटलर की चाल चलेगा, वह हिटलर की मौत मरेगा।

**केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का कर रही है दुरुपयोग : आलमगीर :** कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि लगातार कोशिश हो रही है कि सरकार के मुखिया को परेशान किया जाए। केंद्रीय एजेंसियों को दुरुपयोग कर राज्य सरकार को नीचा दिखाया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि वे कानून को मानने वाले लोग हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।

**मुख्यमंत्री जब तक वापस नहीं आते, तब तक हम डटे रहेंगे : अनूप सिंह :** कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने कहा कि एक साजिश के तहत हमारे नेता और सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है। सीएम भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करने का काम कर रहे हैं। यहां जमा लोग बता रहें है कि मुख्यमंत्री को राज्य की जनता का पूरा समर्थन मिला हुआ है। अनूप सिंह ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे। उन्होंने ने कहा कि चाहे शाम हो जाए रात या फिर कल सुबह, जब तक हमारे नेता ईडी कार्यालय से वापस नहीं आते हैं तब तक हम लोग डटे रहेंगे।

**हमें ईश्वर पर पूरा भरोसा, जो होता है अच्छे के लिए ही होता है: कोंगाड़ी :** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि कोई भी समस्या या परेशानी स्थायी नहीं होती है। हर समस्या का सामाधान है। हम संभावनाओं पर विश्वास करते हैं। हमारे प्रदेश में अभी जो परिस्थितियां हैं वह भी स्थायी नहीं हैं। हमें ईश्वर पर पूरा विश्वास है। जो भी होता है अच्छे के लिए होता है। इन परिस्थितियों से लड़कर हम और मजबूत होंगे। हम, हमारी पार्टी, हमारी सरकार और मजबूती से आगे बढ़ेगी।

### इडी कार्यालय के बाहर का समर्थक बना आकर्षण का केंद्र



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय पहुंचे। उसके बाद उनके समर्थक भी आते रहे। एक समर्थक आकर्षण का केन्द्र बना रहा। ईडी की पूछताछ के दौरान बाहर जुटे समर्थकों में रांची का रातु निवासी राज खलको लोगों के कौतूहल का कारण बन रहा है। हेमंत सोरेन की तस्वीर अपने शरीर पर पेंट कराकर पहुंचे राज खलको पेशे से रंगकर्मी हैं और अपने आय के लिए इस तरह से शरीर पर पेंट कराकर हौसला बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। हेमंत सोरेन के प्रति अपनी दीवानगी को बताते हुए राज खलखो का कहना है कि वह सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ को लेकर आहत हैं। जब सीएम हेमंत यहां के मूलवासियों और आदिवासियों के लिए बेहतर काम कर रहे हैं तो जानबूझ कर उन्हें परेशान करने की साजिश रची जा रही है। पूरे झारखंड की जनता उनके साथ खड़ी है। जेएमएम पार्टी के सभी कार्यकताओं का समर्थन हेमंत सोरेन के साथ है।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग रांची टीम की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग रांची के टीम के साथ बैठक हुई। विदित हो कि 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में झारखंड सरकार के निदेशानुसार रांची नगर निगम अंतर्गत कल 24 स्थलों पर यू-एचडब्ल्यूसी (अरबन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) के संचालन के निमित्त सरकारी भवन को नवीकृत करते हुए यू-एचडब्ल्यूसी का रुप दिया जाना है। बैठक में सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अबतक रांची नगर निगम रांची द्वारा 05 स्थलों का चयन किया जा चुका है. नगर आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि वर्तमान में चिन्हित पांच स्थलों में नवीकरण कार्य हेतु निविदा का प्रकाशन अविलंबब किया जाए तथा शेष 19 केन्द्रों के लिए स्थल का चयन शीघ्र किया जाए। बैठक में उपस्थित लोगो में उप नगर आयुक्त, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, अंचलाधिकारी केप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, रांची की टीम, डीआरसीएचओ ,राची, एनयूएचएम के प्रबंधक इत्यादि शामिल थे।

# मजदूरों के सच्चे हितैषी थे स्व. आनंदी सिंह : ललित

## पुण्यतिथि पर झारखड जनशक्ति मजदूर यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने कहा कि स्व. आनंदी सिंह ने मजदूर हित में सराहनीय कार्य किया। श्री ओझा गुरूवार को स्व. आनंदी सिंह की श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 1986 में पहली बार स्वर्गीय आनंदि सिंह के रूप में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को पहचान दिलाने की कवायद शुरू की गई । उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुये झारखंड गठन के बाद जनशक्ति मजदूर यूनियन पिछले 22 वर्षों से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की सुध-बुध ले रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूर विश्रामगार, पेयजल, वोटर आई कार्ड सहित अन्य मुद्दों को पिछले दो दशक में झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन ने प्रमुखता से उठाया। पूरे देश में कोरोना काल के दौरान जब मजदूरों को हटाया जा रहा था। उस स्थिति में भी स्वर्गीय आनंदी सिंह एवं स्वर्गीय उदय शंकर ओझा के पद चिन्हों पर चलते हुए यूनियन ने अपने किसी मजदूरों को प्रभावित नहीं होने दिया। इसके साथ ही 2020 और 21 में दोनों वर्ष इनकी पारिश्रमिक में बढ़ोतरी भी कराई। पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन रखते हुए हजारों साथियों ने एक साथ संकल्प लिया कि श्रमिक बंधुओं के लिए उलगुलान के लिए तैयार रहना होगा। इसके पहपले असंगठित मजदूरों को संगठित करने वाले स्वर्गीय आनंदी सिंह के पुण्यतिथि पर झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन की सभा में जुटे हजारों श्रमिक। पुण्यतिथि पर पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में हजारों की संख्या में श्रमिकों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। स्वर्गीय आनंदी सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर यूनियन के सदस्यों सहित श्रमिकों ने पुष्प अर्पित किया। पंडरा बाजार सहित सभी ट्रांसपोर्ट बंद रहे । कही भी मजदूरों ने काम नही किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य मुख्य रूप से बिंदूल वर्मा, पवन शर्मा, संजय जयसवाल, संतोष सिंह, दिनेश चौबे, सुनील सिंह चौहान, श्याम बिहारी सिंह,प्रभाकर सिंह, रंजीत तिवारी, रविंद्र दुबे, मनोज पासवान, सोली पासवान, मक्खन पासवान, ललित पासवान, गौरी शंकर जाधव, महेंद्र यादव, रामचंद्र राय, परमानंद राय, सहदेव राय, सनोज महतो, शिवकुमार यादव, मनोज राय, इंदर राय सहित अन्य उपस्थित थे ।

## खबर एक नजर में

### 1 करोड़ 16 लाख के धोखाधड़ी का आरोपी गया जेल

**रांची।** जिले के खलारी थानान्तर्गत डकरा के कोयला व्यवसायी दामोदर सिंह के बिजनेस पार्टनर भारत कुमार प्रसाद को दामोदर सिंह के साथ 1 करोड़ 16 लाख रुपये के धोखाधड़ी के आरोप में कोतवाली थाना ने पकड़कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि धोखाधड़ी के आरोप में दामोदर सिंह ने अभियुक्त भरत कुमार प्रसाद पर कोतवाली थाना में कांड संख्या 65-2016 भा द वि की धारा 420 के तहत केस दर्ज करवाया था। जिसके प्रति उत्तर में भरत प्रसाद ने भी खलारी थाना कांड संख्या 68-2016 दर्ज करवाया था। दोनों कांडों की प्रकृति एक होने की वजह से एसएसपी ने जांच की जिम्मेदारी कोतवाली डीएसपी को सौंपी थी। जांचोपरांत भरत कुमार प्रसाद के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद 15 नवंबर की रात्रि रांची मोरहाबादी स्थित बालाजी अपार्टमेंट से अभियुक्त की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### झारखंड नवनिर्माण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव के पिता नहीं रहे

**रांची।** धुर्वा टंकी साइड मे रहने वाले झारखंड नवनिर्माण मंच के केंद्रीय अध्यक्ष कैलाश यादव के पिता काशी चौधरी का गुरुवार की सुबह 8 बजे ब्रेन हेमरेज होने के कारण मृत्यु हो गयी। पिछले 04 नवंबर से बरियातू रोड स्थित डॉ आरपीएस अस्पताल में वे इलाज के लिए भर्ती थे। सर्जरी के बाद उनके फेफड़े में निमोनिया हो गया था। जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गयी। आज शाम पांच बजे उनके पार्थिव शरीर दाह संस्कार किया गया। उक्त जानकारी मंच के महासचिव रामकुमार यादव ने दी।

# सरकारी शराब की दुकान में बिकती थी नकली शराब

## रांची की टीम ने जांच के बाद किया दुकान सील, तीन लोग हिरासत में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भुरकुंडा के सरकारी विदेशी शराब की दुकान में खुलेआम नकली शराब बेची जाती है। इससे उपभोक्ता परेशान है, परेशान उपभोक्ताओं में से एक ने रांची उत्पाद विभाग में सूचना दी। सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग की टीम ने आज सुबह मेन रोड भुरकुंडा स्थित अनुज्ञप्ति प्रदत्त सरकारी विदेशी शराब की दुकान में छापेमरी की। इस दौरान विदेशी शराब की दुकान से 375 एमएल के (हाफ) कई बोतल बरामद किये गये। टीम में शामिल अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया में बरामद शराब नकली प्रतीत हो रही है। रांची की टीम ने इसकी सूचना रामगढ़ जिला उत्पाद विभाग को दी। इसके बाद रामगढ़ की टीम दुकान सील कर दी गयी। जानकारी के अनुसार, विभाग को सूचना मिली थी कि बड़े पैमान पर भुरकुंडा में शराब दुकान से नकली शराब बेची जा रही है। रांची उत्पाद विभाग के कमिश्नर कमलेश्वर प्रसाद सिंह के निर्देश पर विभाग के इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश उरांव व अशोक कुमार, अवर निरीक्षक अनूप प्रताप, प्रदीप शर्मा, व पंकज कुमार दल-बल के साथ छापामारी के लिए पहुंचे थे। निरीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव ने बताया कि प्रथम दृष्टया में बरामद शराब नकली प्रतीत हो रहा है। बरामद इमपीरियल ब्लू (आईबी) व मैकडोवल नंबर वन की शराब की बोतल में कई खामियां नजर आई है। उन्होंने बताया कि हाफ बोतल गोल्डेन कलर का स्टीकर से सील रहता है। बताया गया कि बरामद शराब की बोतल कॉपर कलर से सील है। वहीं रेट का स्टीकर भी ओरजिनल से डीफर दिख रहा है। वहीं मैकडोवल नंबर वन शराब की बोतल में पानी भी मिलाया हुआ पाया गया है। टीम ने शराब दुकान के अलावा आसपास उसके कई गोदाम में भी छापामारी की। साथ ही बगल में स्थित देशी शराब व एक दवा दुकान में भी छापामारी अभियान चलाई गई। हलांकि सभी बोतल अनुज्ञप्ति प्रदत्त विदेशी शराब की दुकान से बरामद हुई। छापेमारी के बाद टीम ने शराब दुकान के इंचार्ज घनश्याम, सेल्समैन विशाल कुमार व एक अन्य को अपने साथ ले गई है। बताया गया कि अब पूरी दुकान में रखे शराबों की जांच की जायेगी। सूचना के बाद रामगढ़ जिला उत्पाद विभाग के अस्सिटेंट कमिश्नर अजय कुमार गौड़ ने बताया कि हिरासत में लिये गये सभी लोगों से पूछताछ होगी। साथ ही अगर शराब नकली पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी टीम में देवेंद्र कुमार, अनूप कुमार, रामसरीख तिवारी सहित इडियन रिजर्व बटालियन व झारखंड पुलिस के दर्जनों जवान शामिल थे।

### सेंटर फॉर साइट हैदराबाद के डायरेक्टर लेंगे रिम्स में पीजी छात्रों की क्लास

**रांची।** रिम्स स्थित क्षेत्रीय नेत्र संस्थान द्वारा पीजी छात्रों के लिए शुक्रवार को एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया जा रहा है। हैदराबाद से सेंटर फॉर साइट के डायरेक्टर डॉ संतोष जी होनवार छात्रों से अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करेंगे। इस पाठशाला में रिम्स के छात्रों के अलावा बोकारो जेनरल हॉस्पिटल, सीसीएल हॉस्पिटल गांधीनगर और कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में डीएनबी कर रहे छात्र भी शामिल होंगे। रिम्स नेत्र विभाग के विभागध्यक्ष डॉ राजीव कुमार गुप्ता, झारखण्ड ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी (झोस) के वैज्ञानिक समिति की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप व अन्य नेत्र विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे।

### राजभवन पर साहियाकर्मियो का धरना-प्रर्दशन शुरू

**रांची।** झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया साथी संघ के वैनर तले गुरूवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसमें धनबाद, बोकारो, देवघर, पाकुड़, जामताड़ा जिले के सहियाकर्मियों ने हिस्सा लिया। राजभवन के समक्ष भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी देश में न्यूनतम मजदूरी के लिए सड़कों पर प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार योजनाओं के तहत कार्यरत कर्मियों की कल्याण के बजाय कंपनियों कि सेवा में जुटी है। उन्होंने कहा कि सहिया बहनों को भीख नही देश के अन्य राज्यों की तरह बीस हजार रुपए मासिक मानदेय की सरकार गारंटी करें । इसे लागू करने में जो भी अडचने हो, केंद्र और झारखंड की सरकार दूर करें। बेहरत मानदेय और स्थाई की गारंटी करें वरना आन्दोलन तेज होगा। मौके पर संघ की अध्यक्ष माया सिंह ने कहा कि मानदेय और स्थायीकरण से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं होगा। दो हजार में दम नहीं बीस हजार से कम नहीं, भीख नहीं आधिकार चाहिए का नारा बुलंद किया। जबकि संचालन रूपा सिन्हा ने किया। संघ के संरक्षक व मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सहियाकर्मी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की रीड है। इनके सवालों को अनदेखा करना दोनो सरकारों के लिए महंगा साबित होगा। झारखंड में सिर्फ कंपनियों की चाकरी करने से काम नहीं चलेगा। धरना प्रर्दशन को लक्ष्मी देवी, कलेहा खातून, रितु उरांव, नीलम देवी, रेखा भप्त, सुनीता देवी, ललिता देवी, ममता देवी, मुकुल भप्ताचार्य करमी देवी समेत ऐक्टू के प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर केवट, सुशांतो मुखर्जी कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

# औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है रिन्यूएबल एनर्जी : स्पीकर

## डिस्ट्रीब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोस्पेक्ट एंड पोटेंशियल पर राज्यस्तरीय एक्सपो




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। स्वीच ऑन फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को होटल बीएनआर चाणक्य में झारखंड अक्षय उर्जा विकास एजेंसी (जेआरईडीए) के सहयोग से रांची में विकेंद्रीकृत अक्षय उर्जा एक्सपो का आयोजन किया गया। झारखंड में नवीकरणी उर्जा उद्योग की स्थिति और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न व्यवसायी, व्यापार संघों, सरकारी एजेंसियों और उर्जानीति अनुसंघान संगठनों को एक साथ लाया। इसके आयोजन का समय ऐसा रहा जब प्रौद्योगिकी और हरित उर्जा में अरबों डॉलर के निवेश के साथ-साथ सौर उर्जा और अन्य नवीकरणीय उर्जा के बड़े पैमाने पर उपयोग की वैश्विक प्रवृति मे आमूल-चूल परिवर्तन जारी है। क्लीन एंड पावर फॉर ऑल की साझेदारी में आयोजित इस एक्सपो में शक्ति पंप, रेशम सूत्र जैसी कंपनिया इसका हिस्सा रहीं। उन्होंने सौर, बायोगैस और बायोमास, लधु पनबिजली और पवन प्रौद्योगिकी जैसे लोकप्रिय गैर पारंपरिक रुपों सहित रिन्यूएबल एनर्जी का उपयोग कर अपनी नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया। डीजल से चलने वाली मशीनों के पारंपरिक उपयोग के लिए इस तरह के उच्च तकनीक विकल्प को समाज के हाशिए पर के लोगों के लिए वरदान बताया।

झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने उद्घाटन समारोह के संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन क्षेत्र में महत्वपूर्ण रिन्यूएबल एनर्जी उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए जरुरी है, क्योंकि यह उद्यमियों को प्रोद्योगिकी पर सहयोग करने और उत्पराद डिजाइन में नवाचार साझा करने में मदद करता है।

श्री जय निगम के डिप्यूटी जेनरल मैनेजर नाबार्ड ने कहा कि यह हमारे लिए एक जीत की स्थिति है क्योंकि स्वच्छ उर्जा के ऐसे वैकल्पिक क्षेत्र में प्रदूषण स्तर को तो कम करते ही है गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहयोग करते है।

जेआारईडीए के प्रोजेक्ट डायरेक्ट बिजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम नवीकरणीय उर्जा और उपयोग में आाने वाली विभिन्न डीआारई प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान साझा करने के लिए एक साझा मंच विकसित करना चाहते है। साथ ही उन्होंने उद्यमियों और फायनेन्सरों सहित सभी हितधारकों के लिए मददगार होगा। जेएसएलपीएस के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दीपक उपाध्याय ने कहा कि नवीकरणीय उर्जा के माध्यम से बिजला का दोहन आय के नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ पैसे की बचत कर गरीबी को कम करने में कारगर हुआ। स्वीचऑन द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि संथालपरगना क्षेत्र में सौर पंपो के प्रभाव अध्ययन से निम्न अय वर्ग से 9000 रुपए से अधिक मासिक आय वर्ग में किसानो में 43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा किसानों के खर्च में कमी दर्ज की गयी। स्वीच ऑन फाउंडेशान के एमडी विनय जाजू ने कहा कि पूरे झारखंड में नवीकरणीय उर्जा के उपयोग में लगातार प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि हमारे प्रयास राज्य में सभी के लिए स्वच्छ उर्जा भविष्य को सक्षम करने के के लिए ऐसे प्रयासों और कार्यक्रमों का समर्थन और पूरक करना जारी रखेंगे। क्लीन नेटवर्क की सीईओ रेखा कृष्णन ने कहा कि विकेंद्रीकृत नवीकरणीय उर्जा के लिए उद्योग संघ आरई प्रोद्योगिकी की एक सीरीज के तैनाती की सुनिधा देकर झारखंडराज्य का समर्थन करने में प्रसन है। डीआरई प्रौद्योगिकिया विश्वसनीय, स्वच्छ उर्जा प्रदान कर सकती है।

## हैदराबाद : धातुकर्म सम्मलेन में आरडीसीआइएस ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। आइआइएम, हैदराबाद में 76वीं वार्षिक तकनीकी बैठक (एटीएम) में मेटलोग्राफिक प्रतियोगिता में, आरडीसीआइएस, सेल, रांची ने लाइट माइक्रोस्कोपी श्रेणी में भारतीय मूल के उच्च राख वाले समृद्ध कोयले की पेट्रोग्राफी पर अपने काम के लिए प्रथम पुरस्कार जीता। इस सृजनशील माइक्रोग्राफ का शीर्षक स्पार्कलिंग टीथ अर्थात चमकता दांत था। टीम में एन. प्रधान, सीजीएम (सीसीएंडइ) के मार्गदर्शन में बबलू घोष, ए कुमार, डॉ. बीके साहू, एसके कुशवाहा और बी चक्रवर्ती शामिल थे।

स्पार्कलिंग टीथ की छवि 200 गुना आवर्धन पर तेल में डूबी हुई देखी गयी, जिसमें मिट्टी के जमाव एवं कैल्साइट खनिजों के साथ मिश्रित बहु-कोशिका वाले इनर्टिनाइट कोयला का प्रतिरूप है। यह चयनात्मक अपघटन और ऑक्सीजन की आपूर्ति के माध्यम से विकसित होता है। आरडीसीआइएस के कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी ने युवा वैज्ञानिकों को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई संदेश भेजा है।

## वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विकास कुमार

**रांची।** सीसीएल (मुख्यालय), रांची में (ओबीसी) बैकवर्ड क्लास कोल एम्पलॉइज वेलफेयर एसोसिएशन का गठन सीसीएल, ओबीसी अध्यक्ष दीपक कुमार, प्रभारी ननकु महतो के देख रेख में किया गया।



इसमें विकास कुमार गुप्ता को मुख्यालय अध्यक्ष एवं रितु कुमार नोनिया को सचिव बनाया गया है। संगठन में कुल 10 लोगों को पदाधिकारी बनाया गया है और कार्यकारिणी सदस्य में 12 लोगों को शामिल किया गया है। विकास कुमार को मुख्यालय अध्यक्ष बनाये जाने पर सीसीएल ओबीसी एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही कहा है कि उनके आने से एसोसिएशन को गति मिलेगा।

## जेसीआई का एक्सपो 24 नवंबर से

### मोरहाबादी में देश और विदेश के 300 लगेंगे स्टॉल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भूमि पूजन के साथ जेसीआई रांची के एक्सपो की नींव रखी गई। भूमि पूजन चीफ को-ऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने पत्नी के साथ 17 नवंबर को किया। एक्सपो 24 नवंबर से 28 नवंबर तक रांची के मोरबाहादी मैदान में लगेगा। यह एक्स्पो उत्सव का रजत जयंती वर्ष है। इसमें लगभग 300 से अधिक स्टॉलधारक देश और विदेश से आएंगे। भूमि पूजन के दौरान जेसीआई अध्यक्ष सौरव साह ने बताया कि इस साल हम फनगोला बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क और मिडनाइट बाजार ले कर आ रहे है। इसके अलावा होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो जोन, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लेडीज कॉर्नर, कैफे बिस्टरो, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट और भी अन्य सेक्शन लेकर आ रहे हैं। एक्सपो चीफ को-ऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने बताया कि एक्सपो के सभी पांचों दिन कुछ नया रहेगा। फैशन शो, तंबोला, हेल?दी बेबी एंड मॉम शो, वॉइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे। इस वर्ष एक्सपो में क्यूआर कोड सिस्टम रहेगा, जिससे एक्सपो जोन में आते ही लोग क्यूआर स्कैन करके सभी स्टॉल की जानकारी ले सकते हैं। निरंतर प्रयास हो रहा है कि रांची के लोगों के लिए एक्स्पो को आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग उसका आनंद उठा सके। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नवीन गड़ोदिया थे। मौके पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष और सभी सदस्य भी मौजूद थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन के मीडिया प्रभारी नियुक्त हुए संजय सर्राफ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में मारवाड़ी भवन में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अष्टम अधिवेशन मे सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए अधिवेशन स्वागत समिति के मीडिया संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने संजय सर्राफ को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का कार्यभार सौंपा है। अधिवेशन में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सीपी सिंह, कोल्हान विवि के उपकुलपति डॉ पवन पोद्दार, रांची रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, रांची के उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, सम्मेलन महिला की राष्ट्रीय अध्यक्षा नीरा बथवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सरावगी, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, रांची जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू मुख्य रूप से उपस्थित थे। अधिवेशन में कई राज्यों एवं झारखंड के सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्राफ झारखंड के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में मीडिया के हर कार्य क्षेत्र में कुशलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, अग्रवाल सम्मेलन, कवि सम्मेलन समिति, गोसेवा परिवार, सनातन एकता मंच, झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन मे प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत है।

## हनुमान के स्मरण से ही दुःखों का अंत : संतोष

रांची। अंजनी पुत्र हनुमान जी को दुनिया का सबसे बड़ा भक्त माना जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन भगवान श्री राम की भक्ति में लगा दिया। हनुमान जी के स्मरण मात्र में ही दुःखों का अंत है। यह उद्गार श्री नरसिंह बालाजीधाम वर्णपुर के प्रमुख संतोष भाई के हैं। गुरुवार को अग्रसेन भवन में विगत चार दिनों से चल रहे अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ के पांचवे दिन के प्रवचन में कही।

प्रवचन के क्रम में ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं व भक्तों की ओर से हनुमान जी के चरणों में प्रार्थना के स्वार में कहा कि हे पवनपुत्र हनुमान मैं आपसे विनती करता हूं कि मुझ जैसे निर्बल और बुद्धिहीन को ऊर्जा, बुद्धि और ज्ञान देकर मेरे क्लेश और दुखों को दूर कीजिए। आपके ज्ञान और गुण पृथ्वी पर सागर की तरह विशाल है, जिनका कोई अंत नहीं है। इस ब्रशांड के तीनो लोक आकाश लोक, भूलोक और पाताल लोक में उनका यश और कीर्ति है।

## बन्ना गुप्ता से मिला वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से गुरुवार को उनके डोरण्डा स्थित आवास में मुलाकात कर उन्हें विधानसभा से ओबीसी को 27% आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव पारित किये जाने पर बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। वैश्य मोर्चा के नेताओं ने इसके लिए मंत्री बन्ना गुप्ता को बुके देकर एवं शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया। उनसे आग्रह किया गया कि राज्य सरकार आगे भी सकारात्मक पहल करते हुए नवीं अनुसूची में शामिल कराने में मदद करें। वैश्य मोर्चा ने कई बार मंत्री श्री गुप्ता से मिल कर ओबीसी को 27% आरक्षण दिलवाने की मांग की थी। मंत्री बन्ना गुप्ता भी वैश्य मोर्चा के कई कार्यक्रम में शामिल हो कर भरोसा दिलाया था कि वे जल्द ही सरकार से ओबीसी को 27% आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, उप प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद साहु, संगठन महासचिव रोहित शारदा, इंदु भूषण गुप्ता, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, अनिल वैश्य, रोहित कुमार साहु, डॉ. अरविंद जायसवाल, मंजीत आनंद साहु, नरेश साव, हरिनाथ साहु आदि शामिल थे।

## साईंनाथ विवि के छात्रा का न्यायिक सेवा में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। साईंनाथ विश्वविद्यालय के विधि विभाग की छात्रा मोनिका वर्मा का चयन बिहार की न्यायिक सेवा में हुआ है। विवि के कुलपति डॉ. एसपी अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को विश्वविद्यालय के हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा की उन्नति की कामना की और पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी के उच्च पद पर सुशोभित होने से विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधि विभाग और साईंनाथ विश्वविद्यालय के विकास की ओर बढ़ाया गया एक कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोनिका वर्मा से प्रेरणा लेकर जीवन पथ में आगे बढ़ने को कहा। बता दें कि मोनिका वर्मा ने 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। पूर्व में भी विश्वविद्यालय के विधि विभाग की एलएलएम की छात्रा सुजाता महतो ने सिविल जज जूनियर डिविजन की परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। मोनिका वर्मा ने अपनी सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार जताते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के हर समस्या के समाधान के लिए सहज उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुमन श्रीवास्तव एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को भी आभार जताया।

## सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वीसी ने कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ कुमार को दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट द्वारा राष्ट्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत किये गये विविध कार्यों के लिए सीसीएल मुख्यालय रांची में सम्मान समारोह आयोजित कर विवि के कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार को सम्मानित किये जाने पर विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक एवं मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा व कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन संकाय के सदस्यों द्वारा विगत संपन्न किये गये कार्यक्रमों की प्रशंसा भी की है। विदित हो कि सरला बिरला विवि में वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन संकाय द्वारा गत तीन नवंबर को सीसीएल के सहयोग से भव्य जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की सफलता के लिए सरला बिरला विव के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ संदीप कुमार को सीसीएल के सीएमडी ने प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया था। सीसीएल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

## एक नजर में

### लक्मे एकेडमी ने मनाया द्वितीय वार्षिकोत्सव



**रांची ।** लैक्मे एकेडमी , लालपुर ने गुरुवार को अपना द्वितीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके लैक्मे एकेडमी के पूर्ववर्ती छात्र भी इस समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एपटेक कंपनी के इस्टर्न रिजनल हेड श्री शुभाशीष महापात्रा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में यहां के स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जिसमें एकेडमी के स्टूडेंट्स ने नृत्य एवं संगीत का एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एकेडमी के पूर्ववर्ती छात्रों को उनके कोर्स पूरा करने पर सर्टिफिकेट भी प्रदान किया। एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय मेहता ने कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य और समाज के लिए रोशनी के प्रतीक हैं । स्टूडेंट्स इस देश के भविष्य हैं। देश व समाज को आगे बढ़ाने और समृद्धि लाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### जूनियर बालक- बालिका चयन प्रतियोगिता कल

**रांची।** झारखंड राज्य आत्या-पात्या एसोसिएशन के तत्वावधान में 19 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से लीची बागान प्रांगण, धुर्वा में एकदिवसीय सब जुनियर बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में सभी कोटि के विधालय,महाविद्यालय, क्लब के खिलाड़ी को आधार कार्ड की छाया प्रति एवं पंजीयन शुल्क एक सौ रूपया जमा करना होगा। चयनित झारखंड टीम के खिलाड़ी 25 से 27 नवम्बर तक रोहतक, हरियाणा में आयोजित जुनियर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। 16 से 18 दिसम्बर तक पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित सब जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगे। यह जानकारी राज्य आत्या- पात्या एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

### कौशल्या फाउंडेशन ने बांटा भोजन पैकेट

**रांची।** श्री कौशल्या फाउंडेशन की ओर से जगन्नाथपुर मंदिर के आस-पास की बस्तियों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के बीच भोजन पैकेट भी बांटा गया। इससे पहले भी फाउंडेशन की ओर से गरीबों के बीच फल वितरण, स्वास्थ्य व शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता रहा है। इस अवसर पर सुमित कुमार, परमेश्वर सिंह, बंदना श्रीवास्तव, शिया कुमार, सुकेश आदि शामिल थे।

### टाटा हिताची ने लगाई माइनिंग मशीनों की प्रदर्शनी

**रांची ।** टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख निर्माण मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी उत्खनन उपकरण कंपनी है। यह टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी (एचसीएम) का संयुक्त उद्यम है। एचसीएम से यह साझेदारी 1984 से है और आज यह भारत का सबसे लंबी अवधि का संयुक्त उद्यम है। कंपनी के उत्पादन केंद्र धारवाड़ और खड़गपुर में हैं और देश में 250 से अधिक ग्राहक सेवा संपर्क केंद्र हैं। 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी (टेल्को) के निर्माण उपकरण प्रभाग के रूप में कंपनी का गठन किया गया। आज कंपनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहो लोडर, व्हील लोडर और डंप ट्रक के अलावा अटैचमेंट, पार्ट्स की बड़ी रेंज और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं। टाटा हिताची भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और माइनिंग कार्यों के लिए विश्व-स्तरीय कंस्ट्रक्शन उपकरणों की सर्वप्रमुख कंपनी है।




### 22 वां पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप कल से

**रांची।** 22 वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 का दो दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन 19-20 नवंबर को धनबाद में किया गया है। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के खेल निदेशक सुगंध नारायण ने बताया कि पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन धनबाद के भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान में होगा। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 300 से भी अधिक पारा एथलेटिक्स खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन की पूरी तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को सुबह उद्घाटन सत्र में धनबाद के उपायुक्त, उप विकास आयुक्त तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।उक्त जानकारी पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने दी ?बताया कि आयोजन को सफल बनाने हेतु चयन कमेटी के चेयरमैन डॉ शिवाजी कुमार, कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सिंह, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, खेल निर्देशक सुगंध नारायण, कमेटी के सीईओ सुनील विश्वास, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, कुमार गौरव आदि अपने-अपने स्तरों से कार्य कर रहे हैं।

### शहीदों के परिजनों के लिए पदयात्रा : उत्तम

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव गुरुवार को शहीदों के परिवारों को अधिकार दिलाने व नशाबंदी के लिए पहाड़ी मंदिर से पद यात्रा शुरू की। यह यात्रा एक महीने तक चलेगी। पहले दिन वार्ड नंबर 34 के करम चौक, विद्यानगर चौक, गंगानगर तक पदयात्रा की गयी। पद यात्रा शुरू करने के दौरान वार्ड पार्षद मंटू सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहित सिंह, विकास, संजय, विक्की समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### बाल विज्ञान प्रदर्शनी के प्रतिभी व प्रदर्श पुरस्कृत

**रांची।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी के जिला स्तरीय आयोजन में विषयवार प्रतिभागियों एवं प्रदर्शों को गुरुवार को पुरस्कृत किया गया है। प्रथम दस प्रदर्श शुक्रवार को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सूचना एवं संचार तकनीकी उन्नति में आर्यन कुमार मारवाड़ी उच्च विद्यालय रांची फॉर थ्री डी होलोग्राम प्रदर्श, पर्यावरण अनुकूल सामग्री में प्रथम हरि प्रिया रानी और उषा रानी की जोड़ी फॉर बायोडिग्रेडिबल गमला, द्वितीय-स्मिता उरांव और सोनी कच्छप की जोड़ी फॉर कूलिंग बास्केट, स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रथम दीपा और लकी सीपीआर अवेयरनेस प्रदर्श फ्रॉम योगदा सत्संग उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर, द्वितीय-अपूर्वा बारला और अर्चना फॉर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जागरूकता फ्रॉम ऊर्सूलाइन कन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल रांची, परिवहन और नवाचार में उदित डुंगडुंग और फ्रैन्सिस लकड़ा फ्रॉम प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुंडू फॉर स्मार्ट जेब्रा क्रॉसिंग, पर्यावरण संबंधी चिन्ताएं में आलिशा कुमारी और श्रुति कुमारी की जोड़ी ने मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान प्रणाली प्रोजेक्ट फ्रॉम झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय रातू ने प्रथम और कृतिका तथा सदाफ की जोड़ी फ्रॉम ऊर्सूलाईन कन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल रांची ने ग्लोबल वॉर्मिंग अवेयरनेस पर द्वितीय पुरस्कार जीता।

### इडी की पूछताछ में भेदभाव : नायक

**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने गुरुवार को कहा कि झारखंड में इडी द्वारा नेताओं से पूछताछ करने में एक आंख में सुरमा और दूसरी आंख में काजल लगाने का कार्य हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड में 15 वर्ष तक सत्ता में रही, मगर आज तक किसी भी भाजपा नेता से इडी द्वारा पूछताछ नहीं की गयी।

